प्रादेशिक समाचार
दिनांक–09.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2025–26 में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं के लिए 12 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी जारी रखने को दी मंजूरी।

- आकाशवाणी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम ने अब तक 34 करोड़ रुपये से अधिक का अर्जित किया राजस्व, सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने राज्यसभा में दी जानकारी।

- राज्य की कृषि मंत्री ने कहा–किसानों को शत प्रतिशत अनुदान पर मिलेगा रबी बीज, फसलों की क्षति का किया जा रहा है आकलन, कृषि कॉल सेंटर बनेगा सशक्त।

- राज्य में आज सादगी के साथ मनाया जाएगा विश्व आदिवासी दिवस, रक्षाबंधन का भी मनाया जा रहा त्यौहार, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी देशवासियों को बधाई।

- मौसम विभाग ने पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां समेत राज्य के कई हिस्सों में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट किया जारी।

****************

केंद्र सरकार ने 12 हजार करोड़ रूपये से अधिक की अनुमानित लागत से वर्ष 2025–26 के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं के लिए सबसिडी जारी रखने को स्वीकृति दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में आज यह फैसला किया गया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना से दस करोड़ 33 लाख से अधिक परिवारों को लाभ हुआ है। सरकार 14 किलो 200 ग्राम के रसोई गैस सिलेंडर पर 300 रूपये तक की सब्सिडी देगी।

****************

आकाशवाणी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम ने अपनी शुरुआत से अब तक 34 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया है। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। श्री मुरुगन ने कहा कि श्रोताओं का एक बड़ा वर्ग इस कार्यक्रम को सुनकर आकाशवाणी से जुड़ता है। उन्हें कहा कि मन की बात कार्यक्रम कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भागीदारी को प्रेरित करने वाले एक राष्ट्रीय मंच के रूप में अग्रणी बना हुआ है।

****************

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि किसानों को शत प्रतिशत अनुदान पर विलम्ब से लगने वाले खरीफ बीज उपलब्ध कराये जाएंगे। कृषि मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि इस बार रबी फसल का बीज लैम्प्स पैक्स के साथ लाइसेंस प्राप्त बीज विक्रेताओं द्वारा भी किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अति वृष्टि के कारण फसलों को होने वाले नुकसान का आकलन किया जाएगा ताकि किसानों को राहत मिल सके। उन्होंने कृषि कॉल सेंटर को और मजबूत बनाने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

****************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए पंचायत कमेटी का नए सिरे से गठन करने का निर्णय लिया है । कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने इसके लिए पार्टी के कार्यकारी अध्यक्षों और बोर्ड निगम के अध्यक्षों को जिलों का जिम्मा सौंपा है। पार्टी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने इसकी जानकारी दी।

****************

नई दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाजरत राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की सर्जरी पर आज फैसला लिया जा सकता है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बताया कि उनके इलाज से संबंधित जांच रिपोर्ट पर अमेरिका के विशेषज्ञ चिकित्सकों की राय लेने के बाद सर्जरी पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****************

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा है कि दर्शकों और श्रोताओं के लिए प्रवेश की बाधाओं को न्यूनतम करने और सूचना, शिक्षा तथा मनोरंजन तक हर संभव व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने नई दिल्ली में वेब्स ओटीटी प्लेटफार्म पर मैगजीन स्टोर का शुभारंभ किया। श्री द्विवेदी ने कहा कि इस सेवा का उपयोग करने के लिए प्रतिमाह 99 रूपये या प्रतिवर्ष 999 रूपये देने होंगे। उन्होंने कहा कि सदस्यता शुल्को से आठ भाषाओं में 50 से अधिक टाइटल देखे जा सकेंगे।

****************

कोडरमा सदर अस्पताल में रांची सदर अस्पताल की तर्ज पर इलाज की अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

****************

राज्य भर में आज विश्व आदिवासी दिवस पूरी सादगी के साथ मनाया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के निधन की वजह से इस दिवस पर कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम और किसी भी तरह के महोत्सव आयोजित नहीं होंगे। गौरतलब है कि राजधानी रांची में 9 अगस्त से 11 अगस्त तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय आदिवासी दिवस महोत्सव को पहले ही स्थगित किया जा चुका है।

****************

भाई–बहन के स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज देशभर में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बाँधती हैं और उनकी दीर्घायु की कामना करती हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा बंधन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके सम्मान के प्रति सभी के दृढ़ संकल्प को मजबूत करता है।

****************

मौसम विभाग ने पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिले में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, सिमडेगा,खूंटी, रांची, रामगढ़, लोहरदगा, हजारीबाग, बोकारो, गिरिडीह, दुमका, जामताड़ा और देवघर में भी मूसलाधार बारिश हो सकती है मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले 4 से 5 दिनों तक राज्य में बारिश होती रहेगी।

****************

चेन्नई में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चौंपियनशिप 2025 में झारखंड की टीम उपविजेता बनी है। फाइनल में हॉकी झारखंड को कड़े मुकाबले में हॉकी पंजाब ने 4–3 से पराजित किया। मैच में झारखंड ने शुरू में बढ़त बनाई, लेकिन पंजाब ने आक्रामक खेल दिखाते हुए जीत हासिल की। झारखंड की ओर से आशीष तानी पूर्ति, अनीश डुंगडुंग और शुखू गुड़िया ने एक–एक गोल किए।

<u>अखबारों की सुर्खियां–</u>

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने कंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।
- दैनिक भास्कर की सुर्खी है– सत्र के पांच माह बीते, पर 47 लाख बच्चों को नहीं मिली पोशाक की राशि।
- हिन्दुस्तान के शब्द हैं– सारंडा जंगल में आईईडी विस्फोट, दो जवान घायल।
- प्रभात खबर ने लिखा है– पिता के श्राद्धकर्म की रस्मों के साथ सरकारी कामकाज को भी निपटा ने सीएम हेमंत सोरेन।
- दैनिक जागरण ने हाईकोर्ट द्वारा रिम्स की दयनीय हालत पर की गई टिप्पणी की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*******समाप्त********